आइआइएम में नया कोर्स, व्यवसाय शुरू करने के सिखाएंगे गुर

नवाचार को बढ़ावा

नईदुनिया प्रतिनिधि, रायपुर : नवाचार को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्रबंध संस्थान (आइआइएम) में अगले महीने से नया सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होगा। तीन महीने के इस कोर्स में प्रतिभागियों को बिजनेस शुरू करने से लेकर सफल होने तक के सारे गुर सिखाए जाएंगे। बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए मार्केटिंग, फाइनेंस, इकोनामी, ला, एक्ट, एचआर के बारे में पढ़ाया जाएगा। साथ ही कंपनी को कैसे सेटअप करें, इसके बारे में भी प्रतिभागियों को बताया जाएगा।

कोर्स में 21 वर्ष आयु के स्नातक उत्तीर्ण युवा हिस्सा ले सकते हैं। पहले बैच में 40 प्रतिभागियों को प्रवेश दिया जाएगा। ये कार्यक्रम पूरी तरह से आफलाइन मोड में संचालित होगा। पाठ्यक्रम में चयन के लिए सबसे पहले प्रतिभागियों का प्रोफाइल देखा जाएगा। इसके बाद साक्षात्कार होगा, फिर चयन किया जाएगा। सप्ताह में पांच दिन सुबह 10 से शाम पांच बजे तक कक्षाएं लगेगी। प्रोग्राम की शुरुआत छह नवंबर से होगी।

प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। इसकी फीस लगभग दो लाख रुपये तक होगी। कोर्स में चयनित प्रतिभागियों को बिजनेस आइडिया या प्लान बनाना होगा। बिजनेस आइडिया को आगे बढ़ाने में आइआइएम के विशेषज्ञ मदद करेंगे। जो प्रतिभागी खुद का स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, इस पर काम करेंगे। अपने स्टार्टअप को निवेशकों के सामने प्रस्तुत करने का मौका दिया जाएगा।

तीन महीने के कोर्स को कई सप्ताह में बांटा : तीन महीने के कोर्स को अलग-अलग अनुभाग में सप्ताह के हिसाब से बांटा गया है। पहले एक सप्ताह तक बूट कैंप होगा। उसके बाद तीन सप्ताह तक प्रतिभागियों को बिजनेस करने की रणनीतियां बताई जाएगी। तीन सप्ताह तक स्टार्टअप, आंत्रप्रेन्योरशिप के बारे में अवगत कराया जाएगा। आखिरी के एक सप्ताह प्रतिभागियों को बिजनेस को आगे बढ़ाने के लिए विशेषज्ञ प्लान तैयार करवाएंगे।



आइआइएम रायपुर। • फाइल फोटो

प्रतिभागियों को ये चीजें बताई जाएंगी

प्रोग्राम में मुख्य व्यवसाय अनुशासन के तहत संगठनात्मक संरचना और मानव संसाधन, आईटी और प्रणालियाँ, उत्पादन, अर्थव्यवस्था और व्यावसायिक वातावरण, रणनीति, लेखा के बारे में जानकारी दी जाएगी। कानूनी, विनियामक और अनुपालन में जीएसटी, कंपनी अधिनियम, अनुबंध अधिनियम, दस्तावेजीकरण, आयकर, बीमा, फिनटेक कानून और श्रम कानून जैसे विषयों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कोर्स करने के ये होंगे फायदे

- प्रतिभागियों को बिजनेस शुरू करने की जानकारी मिलेगी, साथ ही आत्मविश्वास बढ़ेगा।
- अपने आइडिया को बिजनेस का आकार दे सकेंगे, अपने जैसे विचार रखने वालों से जुड़ने का मौका मिलेगा।
- बिजनेस शुरू करने के बाद होने वाली परेशानियों का पता चलेगा। इन परेशानियों का समाधान भी मिलेगा।
- बिजनेस की योजना बनाने के साथ ही निवेशकों से मिलने का मौका मिलेगा?

Naidunia (Raipur City), 16th Oct,2024, P. 04